कार्यालय– निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर

क्रमांकः–शिविरा/माध्य/मा–ब/22803/SAT-19 /2018–19/ दिनांकः 14.08.19

सचिव,
राजस्थान पाठय पुस्तक मण्डल,
जयपुर

विषयः– शिक्षक सम्मान समारोह–2019 के पूर्व तैयारी एवं बजट के संबंध में।
प्रसंगः– शासन का पत्रांक प.18(2) शिक्षा–2/2019 जयपुर दिनांक 07.08.19, 09.08.19

उपरोक्त विषयान्तर्गत प्रासंगिक पत्र के क्रम में लेख है कि राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान पुरस्कार 2019 के आयोजन हेतु ब्लॉक स्तर पर प्रत्येक ब्लॉक में 03 शिक्षकों को प्रत्येक को 5100/– रूपये नकद पुरस्कार राशि, जिला स्तर पर प्रत्येक जिले के 03 शिक्षकों को प्रत्येक को 11000/– रूपये की नकद पुरस्कार की राशि एवं राज्य स्तर पर कुल 99 शिक्षकों को प्रत्येक को 21000/– रूपये की नकद पुरस्कार दिये जाने हेतु वित्त (व्यय–1) विभाग की आई डी संख्या 151900581 दिनांक 07.08.19 द्वारा सक्षम स्तर पर अनुमोदित कर दी गई है।

ब्लॉक स्तर पर वर्ष 2019 में पुरस्कृत करने हेतु प्रति वर्ग (1–5,6–8 एवं 9–12) में से एक–एक शिक्षक (कुल 03 शिक्षक) का चयन किया जावेगा। राज्य के कुल 301 ब्लॉकों पर व्यय होने वाली पुरस्कार राशि 3x301=903x5100 =46,05,300/- रूपये व समारोह आयोजन हेतु कुल 301x10,000 =30,10,000/- रूपये (प्रति ब्लॉक 10,000/–रू) का वहन प्रासंगिक पत्रानुसार राजस्थान राज्य पाठय पुस्तक मण्डल जयपुर द्वारा किया जाना है।

जिला स्तर पर पुरस्कृत करने हेतु प्रत्येक वर्ग (1–5,6–8 एवं 9–12) में से एक–एक शिक्षक (कुल 03 शिक्षक) का चयन किया जावेगा। राज्य के कुल 33 जिलों पर व्यय होने वाली पुरस्कार राशि 3x33=99x11,000=10,89,000/- रूपये तथा समारोह आयोजन हेतु 33x1,00,000 =33,00,000/- रूपये (प्रति जिला 1,00,000/–रू) का वहन प्रासंगिक पत्रानुसार राजस्थान राज्य पाठय पुस्तक मण्डल जयपुर द्वारा किया जाना है।

उक्त के अतिरिक्त प्रासंगिक पत्रानुसार राज्य स्तर पर सम्मानित होने वाले कुल 99 शिक्षकों की पुरस्कार सम्मान राशि 21,000/– रू प्रति शिक्षक कुल 99x21,000=20,79,000/- का आवंटन भी राजस्थान राज्य पाठय पुस्तक मण्डल जयपुर द्वारा किया जाना है।

अतः इस संबंध में राज्य सरकार के निर्देशानुसार आवश्यक बजट राशि का प्रावधान करते हुए ब्लॉक व जिले के लिए संबंधित ब्लॉक/जिला कार्यालयों को तथा राज्य स्तरीय कार्यक्रम हेतु नॉडल प्रभारी संभागीय संयुक्त निदेशक जयपुर को राशि आवंटित करवाने का श्रम कराते हुए एक प्रति इस कार्यालय को भिजवावें।

संलग्नः–उपरोक्तानुसार

(नथमल डिडेल)
IAS
निदेशक,माध्यमिक शिक्षा
राजस्थान, बीकानेर

www.rajteachers.com

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1. शासन उप सचिव, शिक्षा (ग्रुप–2) विभाग, राजस्थान सरकार, जयपुर।
2. समस्त जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय), माध्यमिक शिक्षा कार्यालय।
3. समस्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कार्यालय।
4. रक्षित पत्रावली।

निदेशक,
माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान
बीकानेर

EMAIL: secondarydd2@gmail.com, ad.secondary.dse@rajasthan.gov.in

अति आवश्यक

राजस्थान सरकार
शिक्षा(ग्रुप–2)विभाग

क्रमांकप.18(2)शिक्षा–2/2019

जयपुर दिनांक 5-8-2019

निदेशक,
माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान
बीकानेर।

विषयः– शिक्षक सम्मान समारोह–2019 के अवसर पर बजट के संबंध में।
संदर्भः–आपके पत्र क्रमांक : शिविरा–मा/मा–ब/22803/2018–19/
दिनांक 15.05.2019 के क्रम में।

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत संदर्भित पत्र के क्रम में निर्देशानुसार लेख है कि शिक्षक दिवस समारोह 2019 के आयोजन किये जाने पर ब्लॉक स्तर पर प्रत्येक ब्लॉक में 03 शिक्षकों को प्रत्येक को 5100 रू. की नकद पुरस्कार राशि, जिला स्तर पर प्रत्येक जिले के 03 शिक्षकों को प्रत्येक को 11000 रू. की नकद पुरस्कार राशि तथा राज्य स्तर पर कुल 99 शिक्षकों को प्रत्येक को 21000 रू. की नकद पुरस्कार राशि दिये जाने तथा 4500 व्यक्तियों को सुबी सादगी से राजकीय भोज दिये जाने की वित्त विभाग की सहमति निम्न शर्तो पर प्रदान की जाती है :–

1. राशि का व्यय यथा प्रस्तावित राजस्थान राज्य पाठ्यपुस्तक मंडल एवं माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान द्वारा किया जावेगा। राज्य सरकार द्वारा इस प्रयोजनार्थ रखे गये बजट प्रावधान से अधिक का प्रावधान स्वीकृत नहीं किया जावेगा।
2. राजस्थान राज्य पाठ्यपुस्तक मंडल एवं माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान द्वारा इस व्यय को उनके निष्पादक समिति/बोर्ड की बैठक में स्वीकृत कराया जावेगा।

यह सहमति वित्त (व्यय–1) विभाग की आई .डी. संख्या 151900581 दिनांक 07.08.19 द्वारा प्राप्त कर दी जा रही है। यह सक्षम स्तर से अनुमोदित है।

भवदीय,
5/8/19
(डॉ.राजदीप यादव)
शासन उप सचिव

www.rajteachers.com

प्रतिलिपि:–निम्नलिखि को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–
1. सचिव, राजस्थान राज्य पाठ्यपुस्तक मंडल, जयपुर
2. सचिव, माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, जयपुर

(रामेश्वर लाल जाट)
शासन उपसचिव

राजस्थान सरकार
शिक्षा (ग्रुप–2) विभाग

क्रमांक : प. 18(1) शिक्षा–2/2019 जयपुर, दिनांक : 9/8/19

निदेशक,
माध्यमिक शिक्षा राजस्थान,
बीकानेर।

विषय : ब्लॉक/जिला/राज्य स्तर पर शिक्षकों को पुरस्कृत/सम्मानित किये जाने के सम्बन्ध में।

सन्दर्भ : आपका पत्र क्रमांक–शिविरा/मा/मा–ब/22803/वो–2/2018–19 दिनांक 15.05.2019

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत सन्दर्भित पत्र के क्रम में निर्देशानुसार लेख है कि उत्कृष्ट कार्य/सेवायें/परीक्षा परिणाम देने वाले शिक्षकों को ब्लॉक/जिला/राज्य स्तर पर पुरस्कृत/सम्मानित किये जाने के सम्बन्ध में प्रेषित प्रस्तावों का निम्नानुसार अनुमोदन किया जाता है :–

क्र. स.	कार्यक्रम का विवरण	अनुमोदित प्रावधान		
		ब्लॉक	जिला	राज्य
1	शिक्षकों की निर्धारित संख्या	3	99	99
2	चयन प्रकिया	CBEO स्तर पर 100 अंको की सूक्ष्म अंक योजना के अनुसार प्राप्त अंको की वरीयता के आधार पर तीनो कक्षा वर्गो में से एक–एक शिक्षक का चयन।	CBEO कार्यालय से अग्रेषित आवेदनों की समुचित संवीक्षा उपरान्त CDEO स्तर पर तीनो कक्षा वर्गो में से एक–एक शिक्षक का चयन।	CBEO, CDEO एवं मण्डल स्तर पर सम्बन्धित समितियों द्वारा अग्रेषित आवेदनों की समुचित संवीक्षा उपरान्त राज्य स्तरीय समिति द्वारा चयनित शिक्षकों की अनुशंषा शासकीय अनुमोदन हेतु की जायेगी।
3	आवेदन हेतु न्यूनतम शिक्षण अनुभव	न्यूनतम तीन वर्ष का कक्षा शिक्षण अनुभव अनुभव ओवदन पात्रता हेतु निर्धारित किया जाता है।	न्यूनतम तीन वर्ष का कक्षा शिक्षण अनुभव अनुभव ओवदन पात्रता हेतु निर्धारित किया जाता है।	वर्तमान में शिक्षण अनुभव/सेवा अवधि हेतु संस्था प्रधान हेतु न्यूनतम 20 वर्ष एवं अन्य शिक्षकों हेतु न्यूनतम 15 वर्ष के स्थान पर 3 वर्ष किया जाता है।
4	पुरस्कार का स्वरूप	5100/– प्रति शिक्षक पुरस्कार राशि एवं प्रमाण पत्र	11000/– प्रति शिक्षक पुरस्कार राशि एवं प्रमाण पत्र	21000/– प्रति शिक्षक पुरस्कार राशि एवं प्रमाण पत्र
5	आयोजन तिथि	20 अगस्त (सद्भावना दिवस के अवसर पर)	20 अगस्त (सद्भावना दिवस के अवसर पर)	5 सितम्बर (शिक्षक दिवस के अवसर पर)
6	वित्तीय प्रावधान	समारोह आयोजन हेतु प्रति ब्लॉक रूपये दस हजार की राशि रा.पा.पु.म., जयपुर द्वारा संबंधित CBEO को आवंटित की जावेगी।	समारोह आयोजन हेतु प्रति ब्लॉक रूपये एक लाख की राशि रा.पा.पु.म., जयपुर द्वारा संबंधित जिशिअ (मुख्यालय)–माध्यमिक को आवंटित की जावेगी।	21,000/– प्रति शिक्षक पुरस्कार राशि एवं प्रमाण–पत्र

ब्लॉक स्तर पर वर्ष–2019 में पुरस्कृत करने हेतु प्रति वर्ग (1–5, 6–8 एवं 9–12) में से एक–एक शिक्षक (कुल 3 शिक्षक) का चयन किया जावेगा। राज्य के कुल 301 ब्लॉकों पर व्यय होने वाली राशि 301 x 3=903 x 5100=46,05,300/– रूपये का वहन राजस्थान पाठ्यपुस्तक मण्डल, जयपुर द्वारा मूर्त की मांग किया जावेगा।

www.rajteachers.com

जिला स्तर पर पुरस्कृत करने हेतु प्रत्येक वर्ग (1–5, 6–8 एवं 9–12) में से एक–एक शिक्षक (कुल 3 शिक्षक) का चयन किया जावेगा। राज्य के कुल 33 जिलों पर व्यय होने वाली राशि 33x3=99 x 11000=10,89,000/– रूपये का वहन राजस्थान पाठ्यपुस्तक मण्डल, जयपुर द्वारा पूर्व की भांति किया जावेगा।

राज्य स्तर पर पुरस्कृत करने के लिए चयनित कुल 99 शिक्षकों हेतु पुरस्कार राशि 99 x 21000 =20,79,000/– रूपये का वहन राजस्थान पाठ्यपुस्तक मण्डल, जयपुर द्वारा किया जावेगा।

ब्लॉक, जिला एवं राज्य स्तर पर सम्मानित होने वाले उक्त कुल 1101 शिक्षको के साथ एक–एक परिवार सदस्य तथा शिक्षा विभाग के राज्य स्तरीय कार्यालय के कर्मचारी एवं अधिकारियों सहित लगभग 4500 के समारोह में भाग लेने की संभावनाओं को दृष्टिगत रखते हुये इतने ही व्यक्तियों हेतु भोजन की व्यवस्था की जानी हैं। भोजन व्यवस्था की राशि का वहन पूर्व की भांति राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, अजमेर द्वारा किया जावेगा।

राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह में उपस्थित होने वाले शिक्षकों एवं अन्य की संख्या लगभग 4500 होने की संभावना के मध्यनजर समारोह के आयोजन हेतु स्थल का शीघ्रातिशीघ्र निर्धारण किया जावें।

ब्लॉक, जिला एवं राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह वर्ष 2019 में कुल (ब्लॉक स्तर–7213000, जिला स्तर–4389000, राज्य स्तर–4079000) 16083000 अक्षरे एक करोड साठ लाख तिरासी हजार रूपये का व्यय संभावित हैं।

अतः उपरोक्तानुसार ब्लॉक एवं जिला स्तर पर 20 अगस्त, 2019 को सद्भावना दिवस पर शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित किये जाने के सम्बन्ध में सम्बन्धितों को निदेशालय स्तर से समुचित निर्देश प्रदान करावें तथा 05 सितम्बर, 2019 शिक्षक दिवस पर शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित किये जाने के सम्बन्ध में समुचित व्यवस्थायें सुनिश्चित किये जाने के सम्बन्ध में आवश्यक कार्यवाही करवाने का कष्ट करावें।

भवदीय,

(डॉ. राजेन्द्र सिंह यादव)
शासन उप सचिव

www.rajteachers.com